INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class 6 - 3rd Lang.	Department: Hindi	Date ....
Worksheet No: 7	Topic: अर्थग्रहण	Note: Pl. file in portfolio

दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) लगाइए |

एक गाँव में एक किसान रहता था गाँव के बाहर उसके खेत में एक पेड़ था | फसल बोने के कुछ दिनों बाद उसके खेत वाले पेड़ पर चिड़िया ने घोंसला बना लिया| कुछ समय बीतने के बाद चिड़िया ने वहाँ दो अंडे दिए| उन अंडों में से दो छोटे-छोटे बच्चे निकल आए| वे बहुत मज़े से अपना जीवन गुजार रहे थे| कुछ महीनों बाद फसल की कटाई का समय आ गया| गाँव के सभी किसान अपने-अपने खेतों की फ़सलों की कटाई में लग गए|

एक दिन खेत में चिड़िया के बच्चों ने किसान को यह कहते सुना कि कल मैं फ़सल कटाई के लिए अपने पड़ोसी से कहूँगा और उसे खेत में भेजूँगा| यह सुनकर चिड़िया के बच्चे परेशान हो गए| उस समय चिड़िया कहीं गई हुई थी| जब वह वापस लौटी, तो बच्चों ने उसे किसान की बात बताते हुए कहा, "माँ, आज हमारा यहाँ अंतिम दिन है| रात में हमें दूसरे स्थान के लिए यहाँ से निकला होगा|"

चिड़िया ने उत्तर दिया, "इतनी जल्दी नहीं बच्चो| मुझे नहीं लगता कि कल खेत में फसल की कटाई होगी|" चिड़िया की कही बात सही साबित हुई| चिड़िया के बच्चे हैरान थे कि उनकी माँ की बात तो सही हुई है| अगली शाम किसान जब खेत में आया, तो खेत की वही स्थिति देख बुदबुदाने लगा कि ये लोग तो कहने के बाद भी कटाई के लिए आते नहीं है| कल मैं ख़ुद आकर फ़सल की कटाई शुरू करूँगा|

चिड़िया के बच्चों ने किसान की यह बात भी सुन ली| अपनी माँ को जब उन्होंने बताया तो वह बोली, "बच्चो, अब समय आ गया है यह खेत छोड़ने का| हम आज रात में ही इस खेत को छोड़कर दूसरी जगह चले जायेंगे|" दोनों बच्चे हैरान थे कि इस बार ऐसा क्या है, जो माँ खेत छोड़ने को तैयार है| उन्होंने पूछा, तो चिड़िया बोली, "बच्चो, पिछली बार किसान कटाई के लिए दूसरे पर निर्भर था| इस बार उसने यह ज़िम्मेदारी अपने कंधों पर ले ली है| इसलिए वह अवश्य आएगा|" उसी रात चिड़िया और उसके बच्चे उस खेत से उड़कर कहीं और चले गए|

सीख - हमें दूसरों पर निर्भर न रहकर अपने काम की ज़िम्मेदारी स्वयं लेनी होगी|

1. किसान का खेत कहाँ था?
   - क. घर के बाहर
   - ख. पहाड़ों पर
   - ग. गाँव के बाहर
   - घ. नदी के किनारे

2. खेत वाले पेड़ पर किसने अंडे दिए?
   - क. कौवे ने
   - ख. चिड़िया ने
   - ग. कोयल ने
   - घ. कबूतर ने

3. कौन फसलों की कटाई में लग गए?
   - क. गाँव के सभी किसान
   - ख. घर के सभी लोग
   - ग. किसने के भाई
   - घ. किसान के दोस्त

4. "कल मैं फ़सल कटाई के लिए अपने पड़ोसी से कहूँगा और उसे खेत में भेजूँगा|" यह वाक्य किसने कहा?
   - क. नौकर ने
   - ख. किसान ने
   - ग. भिखारी ने
   - घ. किसान के बेटे ने

5. किसकी कही हुई बात सही साबित हुई?
   - क. पंडित की
   - ख. चिड़िया की
   - ग. तोते की
   - घ. जादूगर की

6. "बच्चो, अब समय आ गया है यह खेत छोड़ने का| हम आज रात में ही इस खेत को छोड़कर दूसरी जगह चले जायेंगे|" यह वाक्य किसने कहा?
   - क. चोर ने
   - ख. चिड़िया ने
   - ग. कुम्हार ने
   - घ. पिताजी ने

* दिए गए शब्दों के विलोम गद्यांश में से ढूँढकर लिखिए |

बड़े =	....	आज =	....
प्रश्न =	....	सुबह =	....

****